# PAPER-II
# MANAGEMENT

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**D 1 7 1 2**

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## MANAGEMENT
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The term Opportunity Cost refers to

(A) Variable Cost

(B) Short-run cost

(C) The cost forgone in favour of production of another product

(D) Cost related to an optimum level of production

**2.** If two commodities are complementary, then a rise in the price of one commodity will induce

(A) A rise in the price of the other commodity

(B) An upward shift of demand curve

(C) No shift in demand for the other commodity

(D) A backward shift in demand for the other commodity

**3.** What is the characteristic of a purely competitive market ?

(A) Large number of buyers and sellers

(B) A few sellers

(C) A few buyers

(D) Abnormal profit

**4.** Willingness to pay minus actual payment is called

(A) Consumer's surplus

(B) Producer's surplus

(C) Utility cost

(D) Supplier's surplus

**5.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Cost Function | 1. | Kinky Demand Curve |
| b. | Supply Function | 2. | Isoquants |
| c. | Production Function | 3. | Engineering Method |
| d. | Oligopoly | 4. | Factor Prices |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**6.** When analysing your business and its environment, it is useful to carefully inspect

(A) Threats

(B) Opportunities

(C) Strengths and weaknesses

(D) All of the above

**7.** Which of the following is an example of an external threat ?

(A) Decreased competition

(B) New Trade Regulations

(C) Global Sales Potential

(D) Economies of Scale

**8.** Expectancy Theory of Motivation was propounded by

(A) Porter and Lawler

(B) McGregor

(C) Vroom

(D) J. Stacy Adams

## प्रबंधन

### प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** अवसर लागत किसकी ओर संकेत करती है ?

(A) परिवर्तनशील लागत

(B) लघुकालिक लागत

(C) एक उत्पाद हेतु किसी अन्य उत्पाद की परित्यक्त लागत

(D) उत्पादन के अधिकतम स्तर से सम्बंधित लागत

**2.** यदि दो वस्तुएँ एक दूसरे की पूरक हों तो उनमें से एक वस्तु की कीमत में वृद्धि उत्प्रेरित करेगी

(A) दूसरी वस्तु के मूल्य में भी वृद्धि

(B) माँग रेखा में ऊपर की ओर चढ़ाव

(C) दूसरी वस्तु की माँग रेखा में कोई अन्तर नहीं

(D) दूसरी वस्तु की माँग में कमी

**3.** विशुद्ध स्पर्धा बाजार का लक्षण है

(A) क्रेताओं और विक्रेताओं की बढ़ी संख्या

(B) कुछ विक्रेता

(C) कुछ क्रेता

(D) असामान्य लाभ

**4.** वास्तविक मूल्य एवं जिस मूल्य भुगतान के लिए कोई तैयार हो, के बीच का अंतर

(A) उपभोक्ता अधिशेष

(B) उत्पादक अधिशेष

(C) उपयोगिता लागत

(D) पूर्तिकार अधिशेष

**5.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. लागत फलन | 1. व्याकुंचित माँग वक्र |
| b. पूर्ति फलन | 2. समान मात्रा |
| c. उत्पादन फलन | 3. इंजीनियरी विधि |
| d. अल्पाधिकार | 4. उपादान कीमत |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**6.** अपने व्यवसाय एवं इसके पर्यावरण का विश्लेषण करते समय पक्ष/पक्षों का ध्यानपूर्वक निरीक्षण लाभदायक है

(A) आशंकाएँ

(B) अवसर

(C) शक्तियाँ और कमजोरियाँ

(D) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से बाह्य भय का कौन सा उदाहरण है ?

(A) घटी स्पर्धा

(B) नए व्यापार विनियम

(C) वैश्विक विक्रय संभाव्य

(D) अनुमाप की मितव्ययताएँ

**8.** उत्प्रेरणा का प्रत्याशा सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(A) पोर्टर एवं लालर

(B) मैक ग्रेगर

(C) व्रूम

(D) जे. स्टासी एडम्स

9. Which one of the following is not a step in planning ?
   (A) Establishing objectives
   (B) Developing premises
   (C) Determining alternative courses
   (D) Identifying needs of employees

10. Planning is looking ahead and control is
   (A) Scanning environment
   (B) Looking back
   (C) Setting targets
   (D) Defining objectives

11. Human Resource Management (HRM) is a part of the broad Human Resource Development (HRD) System, as this focus to
   (A) Selection, Induction, Training and Development
   (B) Operational and Organisational Options
   (C) (A) and (B) above
   (D) None of the above

12. Performance Appraisal is a double edged tool to
   (A) Create space for the employee to organisationally survive.
   (B) Offering challenges for promotion.
   (C) Accompanying the course of Demotion.
   (D) All of the above.

13. Wage determination is mostly done through tools which are
   (A) Objective
   (B) Subjective
   (C) Both of (A) & (B)
   (D) None of these

14. Job Evaluation criterion comes from
   (A) Job manual
   (B) Job description
   (C) Job specification
   (D) Job duration

15. Exit Policy primarily emphasises in the broad sense, for policy makers as
   (A) Removing employees
   (B) Down sizing
   (C) Retiring people and Rehabilitating them
   (D) Bringing new blood to the Corporate

16. The goal of financial management is to
   (A) Maximise the wealth of Preference Shareholders
   (B) Maximise the wealth of Debentureholders
   (C) Maximise the wealth of Equity shareholders
   (D) All of the above

17. The Internal Rate of Return (IRR) is determined where
   (A) the Net Present Value is positive
   (B) the Net Present Value is negative
   (C) the Net Present Value is zero
   (D) None of the above

18. The Tax shield would result in
   i. increase in tax liability
   ii. increase in EPS
   iii. decrease in EPS
   iv. decrease in tax liability

   **Codes :**
   (A) (ii) and (iv)
   (B) (i) and (iii)
   (C) (i) and (iv)
   (D) (iii) and (iv)

19. Which of the following is a main method of issue of stocks ?
   (A) Vendor placing
   (B) Public issue through Prospectus
   (C) Private placements
   (D) None of the above

9. निम्नलिखित में से कौन सा योजना का सोपान नहीं है ?
(A) उद्देश्यों की स्थापना
(B) अवयवों का विकास
(C) वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण
(D) कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पहचान

10. योजना आगे की ओर देखना है और नियन्त्रण है
(A) पर्यावरण का सूक्ष्म दर्शन
(B) पीछे की ओर देखना
(C) लक्ष्य निर्धारण
(D) उद्देश्यों को परिभाषित करना

11. मानव संसाधन प्रबन्धन (एच आर एम) व्यापक मानव संसाधन विकास (एच आर डी) का भाग है क्योंकि यह केंद्रित है
(A) चयन, आगमन, प्रशिक्षण एवं विकास
(B) संक्रियात्मक एवं संगठनात्मक विकल्प
(C) उपरोक्त (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

12. निष्पादन मूल्यांकन दो–धारी साधन है जो
(A) कर्मचारी के संगठन में बने रहने के लिए स्थान का निर्माण करता है ।
(B) पदोन्नति के लिए चुनौती देता है ।
(C) अवनति का कारण बतलाता है ।
(D) उपरोक्त सभी

13. मजदूरी का निर्धारण अधिकांशतया उन उपकरणों से किया जाता है जो होते हैं
(A) वस्तुनिष्ठ
(B) व्यक्तिनिष्ठ
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. जॉब मूल्यांकन के मापदण्ड का स्रोत है
(A) जॉब नियमावली
(B) जॉब विवरण
(C) जॉब विशिष्टताएँ
(D) जॉब अवधि

15. निर्गम नीति (एक्जिट पॉलिसी) नीतिकारों के लिए मूलत: इस पर बल देती है :
(A) कर्मचारियों को हटाना
(B) स्थापना का आकार घटाना
(C) कर्मचारियों को सेवानिवृत्त करना और उनका पुनर्वास
(D) कॉर्पोरेट में नए रक्त का संचार

16. वित्तीय प्रबंधन का उद्देश्य है कि
(A) अधिमानी शेयरधारकों के धन को अधिकतम किया जाए ।
(B) ऋणपत्र धारकों के धन को अधिकतम किया जाए ।
(C) इक्विटी शेयरधारकों के धन को अधिकतम किया जाए ।
(D) उपरोक्त सभी ।

17. प्रतिलाभ की आन्तरिक दर IRR (आई आर आर) को निर्धारित किया जाता है जहाँ
(A) शुद्ध वर्तमान मूल्य सकारात्मक हो ।
(B) शुद्ध वर्तमान मूल्य नकारात्मक हो ।
(C) शुद्ध वर्तमान मूल्य शून्य हो ।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

18. कर-ढाल (टैक्स शील्ड़) का परिणाम होगा :
i. कर देयता में वृद्धि
ii. ई पी एस में वृद्धि
iii. ई पी एस में कमी
iv. कर-देयता में कमी

**कूट** :
(A) (ii) और (iv)
(B) (i) और (iii)
(C) (i) और (iv)
(D) (iii) और (iv)

19. निम्नलिखित में से स्टॉक निर्गम की प्रमुख विधि कौन सी है ?
(A) विक्रयी की नियुक्ति द्वारा
(B) प्रॉस्पेक्टस द्वारा सार्वजनिक निर्गम
(C) निजी स्थानन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**20.** The Capital Asset Pricing Model (CAPM) establishes the relationship between

(A) Risk and EPS

(B) Risk and value of the firm

(C) Risk and the required rate of return

(D) None of the above

**21.** 'Marketing is a human activity directed at satisfying needs and wants through Exchange process'; is the statement of

(A) Cundiff ad Still

(B) Kenneth Andrews

(C) Philip Kotler

(D) Kishwar S. Kan

**22.** Promotion mix includes

(A) Advertising, publicity, personal selling and sales promotion

(B) Physical attributes, brand, package and product life cycle

(C) Brand name, product benefits, delivery and credit

(D) Transportation, material handling, packaging and customer service

**23.** Which of the following is not the stage of product life cycle ?

(A) Introduction

(B) Growth

(C) Market segmentation

(D) Decline

**24.** Which is the basic form of Innovation ?

(A) Introduction of novel production process

(B) Improvement and development of existing process

(C) Improvement and development of existing firm

(D) All of the above

**25.** The scientific system of collecting and analysis of data pertaining to market is known as

(A) Production Research

(B) Advertising Research

(C) Marketing Research

(D) None of the above

**26.** Which one of the following is not the function of Production Management ?

(A) Production, Planning and Control

(B) Procurement of Raw Materials

(C) Market Intelligence and Survey

(D) Plant Location and Layout

**27.** Time study refers to

(A) Developing a standard time to do a particular task

(B) Improving work methods

(C) Value analysis

(D) Value engineering

**28.** Acceptance Quality level is

(A) Maximum number of defectives that the consumers will accept

(B) Fraction defective(s) that the consumer considers acceptable

(C) Fraction defective(s) that the producer considers acceptable

(D) Maximum number of defectives that the producer will allow

**29.** In a transportation problem involving 10 origins and 5 destinations, the number of constraints representing origin capacity and destination requirements is equal to

(A) 50 (B) 49

(C) 15 (D) 14

**20.** पूँजी परिसम्पत्ति कीमत निर्धारण प्रतिरूप (CAPM) इनके बीच सम्बन्ध स्थापित करता है :

(A) जोखिम और ई पी एस

(B) जोखिम और फर्म का मूल्य

(C) जोखिम और प्रत्याय की वांछित दर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**21.** "विपणन एक मानवीय क्रिया है जो विनिमय की प्रक्रिया द्वारा व्यक्ति की आवश्यकताओं और माँग को संतुष्ट करती है ।" यह कथन किसका है ?

(A) कन्डिफ एड स्टिल

(B) कैन्नथ एण्ड्रूज

(C) फिलिप कॉटलर

(D) किशवार एस. कॉन

**22.** संवर्धन मिश्र में सम्मिलित है

(A) विज्ञापन, प्रचार, निजी विक्रय और विक्रय संवर्धन

(B) वस्तुगत विलक्षणताएँ, ब्रांड, पैकेज और उत्पाद का जीवन-चक्र

(C) ब्रांड नाम, उत्पाद के लाभ, सुपुर्दगी और ऋण

(D) परिवहन, सामग्री निपटान, पैकिंग और उपभोक्ता सेवा

**23.** निम्नलिखित में से कौन सा उत्पाद जीवन चक्र का सोपान <u>नहीं</u> है ?

(A) प्रस्तावना

(B) विकास

(C) बाजार विभागीकरण

(D) क्षय

**24.** नव प्रवर्त्तन का मूल रूप कौन सा है ?

(A) नव उत्पादन प्रक्रिया का प्रारम्भ करना

(B) मौजूदा प्रक्रिया में सुधार और विकास करना

(C) मौजूदा फर्म में सुधार एवं विकास लाना

(D) उपरोक्त सभी

**25.** बाजार सम्बन्धी सामग्री के संग्रह और विश्लेषण की वैज्ञानिक पद्धति को कहते हैं

(A) उत्पादन अनुसंधान

(B) विज्ञापन अनुसंधान

(C) विपणन अनुसंधान

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**26.** निम्नलिखित में से कौन सा उत्पादन प्रबन्धन का कार्य <u>नहीं</u> है ?

(A) उत्पादन, योजना और नियन्त्रण

(B) कच्चे माल की खरीद

(C) बाजार विवेक और सर्वेक्षण

(D) संयंत्र अवस्थिति और अभिन्यास

**27.** समय अध्ययन से अभिप्राय है

(A) किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए मानक समय निर्धारण

(B) कार्य विधियों में सुधार लाना

(C) मूल्य विश्लेषण

(D) मूल्य इंजीनियरिंग

**28.** स्वीकृति गुणवत्ता स्तर है

(A) उपभोक्ता वस्तुओं को किन अधिकतम कमियों तक स्वीकार करेगा ।

(B) उपभोक्ता को उत्पाद की मामूली स्वीकार्य कमियाँ ।

(C) वे मामूली कमियाँ जिसे उत्पादक स्वीकार्य मानता है ।

(D) कमियों की अधिकतम संख्या जिसकी उत्पादक आज्ञा देता है ।

**29.** एक 'ट्रांस्पोर्टेशन प्रोब्लम' में 10 प्रारम्भिक स्थल और 5 गन्तव्य स्थल हैं तो मूल सामर्थ्य का प्रतिनिधित्व करने वाले बाध्यों और गन्तव्य स्थलों की संख्या बराबर होगी

(A) 50

(B) 49

(C) 15

(D) 14

**30.** The critical path of a network is

(A) for which earliest start time and latest start time are same

(B) the shortest time path through a network

(C) for which earliest finish time and latest finish time are same

(D) the longest time path through a network

**31.** If a person buys one ticket of a State lottery, then the probability that he wins a price is 0.11. If a person buys one ticket each month for five months, what is the probability that he will win least one price ?

(A) 0.55

(B) 0.50

(C) 0.44

(D) 0.56

**32.** The standard error of the mean of a random sample of size two or more.

(A) Always exceeds the population standard deviation.

(B) Either exceeds or equals the population standard deviation.

(C) Is always lower than the population standard deviation

(D) Is always equal to the population standard deviation.

**33.** A store manager is trying to explore the relationship between percentage fat content (Y) and price (X) of various dairy products. He finds that the coefficient of determination is 0.4624 and the estimated regression line is Y = 0.5 – 0.02 X. The coefficient of correlation would be

(A) 0.68

(B) – 0.68

(C) – 0.02

(D) 0.4624

**34.** Which of the following statement on testing of hypothesis is always true ?

(A) When the null hypothesis is rejected at 5%, it is always rejected at 1% level of significance.

(B) When the null hypothesis is rejected at 1%, it is also rejected at 5% level of significance.

(C) When the null hypothesis is not rejected at 1%, it is rejected at 5% level of significance.

(D) No definite assertion can be made.

**35.** Which of the following devices would be considered a typical sequential access medium ?

(A) Magnetic Hard Disk

(B) Magnetic Floppy Disk

(C) Magnetic Tape

(D) CD ROM

**36.** What describes the market, product and technological areas of business ?

(A) BCG Matrix

(B) GE Nine Cell Matrix

(C) 7's framework

(D) Company's Mission

**37.** Name the factors taken into consideration in Internal Analysis

(A) Firm Resources

(B) Objective, plans and policies of the firm

(C) The type of business involved

(D) All of the above

**38.** Diversification is to a new business area that has no obvious connection with any of the company's existing areas refer to

(A) Forward integration

(B) Backward integration

(C) Conglomerate diversification

(D) Concentric diversification

**30.** किसी नेटवर्क का 'क्रिटिकल पाथ' है

(A) जब उसके प्रारम्भ होने का न्यूनतम और अधिकतम समय समान हो ।

(B) किसी नेटवर्क का न्यूनतम समय-मार्ग (टाइम-पाथ)

(C) जब उसके न्यूनतम समाप्त समय और अधिकतम समाप्त समय (फिनिश टाइम) समान हों ।

(D) एक नेटवर्क में अधिकतम समय मार्ग (टाइम पाथ) ।

**31.** यदि कोई व्यक्ति स्टेट लाटरी का एक टिकट खरीदता है तो उसके इनाम जीतने की संभावना 0.11 है । यदि कोई व्यक्ति प्रत्येक मास, निरन्तर पाँच मास के लिए, एक टिकट खरीदता है तो उसके कम से कम एक इनाम जीतने की संभाव्यता कितनी है ?

(A) 0.55

(B) 0.50

(C) 0.44

(D) 0.56

**32.** दो अथवा दो से अधिक के आकार के यादृच्छिक सैम्पल में माध्य की मानक त्रुटि

(A) जनसंख्या मानक विचलन से सदैव बढ़ जाती है ।

(B) जनसंख्या मानक विचलन से बढ़ जाती है अथवा उसके समान रहती है ।

(C) जनसंख्या मानक विचलन से सदैव कम रहती है ।

(D) जनसंख्या मानक विचलन से सदैव समान होती है ।

**33.** एक स्टोर प्रबन्धक विभिन्न डेयरी उत्पादों के वसा अंश की प्रतिशतता (Y) और मूल्य (X) में सम्बन्धों की खोज करने का प्रयास कर रहा था । उसने पाया कि निर्धारण का गुणांक 0.4624 है और अनुमानित समाश्रयण रेखा $Y = 0.5 - 0.02\ X$ है । सह-सम्बन्धों का गुणांक होगा

(A) 0.68

(B) – 0.68

(C) – 0.02

(D) 0.4624

**34.** प्राक्कल्पना के परीक्षण के लिए, निम्नलिखित में से, कौन सा कथन सदैव सत्य होता है ?

(A) जब किसी अकृत प्राक्कल्पना को 5% पर रद्द किया जाता है, इसे सदैव महत्त्व के स्तर (लेवल ऑफ सिग्निफिकेंस) 1% पर रद्द किया जाता है ।

(B) जब अकृत प्राक्कल्पना को 1% पर रद्द किया जाता है तो इसे महत्त्व के स्तर 5% पर भी रद्द किया जाता है ।

(C) जब अकृत प्राक्कल्पना को 1% पर रद्द नहीं किया जाता तो इसे महत्त्व के स्तर 5% पर रद्द कर दिया जाता है ।

(D) कोई निश्चित उत्तर नहीं दिया जा सकता ।

**35.** निम्नलिखित में से किस युक्ति को हम विशिष्ट आनुक्रमिक पहुँच का साधन मानेंगे ?

(A) मैग्नेटिक हार्ड डिस्क

(B) मैग्नेटिक फ्लापी डिस्क

(C) मैग्नेटिक टेप

(D) सीडी रोम

**36.** व्यवसाय के बाजार, उत्पाद और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों का विवरण किसमें है ?

(A) बी सी जी मैट्रिक्स

(B) जी.ई. नौ सेल मैट्रिक्स

(C) 7'स फ्रेमवर्क

(D) कम्पनी का मिशन

**37.** आन्तरिक विश्लेषण के अन्तर्गत जिस कारक का ध्यान रखा जाता है, उसका चयन कीजिए :

(A) फर्म के संसाधन

(B) फर्म के उद्देश्य, योजनाएँ और नीतियाँ

(C) व्यवसाय का प्रकार

(D) उपरोक्त सभी

**38.** जब ऐसे नये व्यावसायिक क्षेत्र में विविधीकरण किया जाए जिसका कम्पनी के मौजूदा क्षेत्र से कोई स्पष्ट सम्बन्ध न हो, तो उसे कहा जाता है

(A) अग्रवर्ती एकीकरण

(B) पश्चगामी एकीकरण

(C) संघटीय विविधीकरण

(D) संकेद्रिक विविधीकरण

**39.** Which business unit generates substantial cash surplus due to low industry growth rate and high profit share ?
(A) Dog
(B) Cash cow
(C) Question mark
(D) Star

**40.** Who plays an important role in the success of products and services and in increasing the marketing share of the firm in business ?
(A) Functional level Managers
(B) Corporate level Managers
(C) Business level Managers
(D) All of the above

**41.** Entrepreneurship as a theory of business was propounded by
(A) Douglas McGregor
(B) Thomas A. Coleman
(C) Joseph A. Schumpeter
(D) Adam Smith

**42.** Policies related to Revival of Sick Units are framed by
(A) IIFT (B) CSIR
(C) SEBI (D) MSME

**43.** The book 'Innovation and Entrepreneurship' is written by
(A) Harold Koontz
(B) Blake and Mouton
(C) Peter F. Drucker
(D) None of the above

**44.** State Financial Corporation Act encourages in
(A) Establishing Industrial Estates
(B) Establishing small and medium size industries
(C) Establishing Agricultural Farms
(D) All of the above

**45.** Name the Author of Equity Theory of Motivation.
(A) Blake & Mouton
(B) Strube & Garcia
(C) Stancy Adams
(D) Albert Bandura

**46.** Anything dealing with Ethics in Business is
(A) good, bad or both, to the business gains
(B) not related to religion
(C) not to focus obligation
(D) killing all types of Unfair Trade Practices

**47.** Ethics provide
(A) Consumer Autonomy
(B) CSR
(C) Justice
(D) All of the above

**48.** Company seeking ethical standard must purport to
(A) Good Employee Relation
(B) Better Production Portfolio
(C) Economy of Scale
(D) Public Disclosure and Publishing

**49.** Which of the following is not the act of Corporate Governance ?
(A) Protecting the interest of shareholders
(B) Protecting the interest of employees
(C) Fudging of Accounts
(D) Paying Taxes to the Government

**50.** Corporate Social Responsibility (CSR) is looked as the organised network of making long economic and social relationship of the corporate with the society. But a business of which type, as mentioned below, cannot afford for it, at the first instance ?
(A) Large Business
(B) Medium Business
(C) Small Business
(D) A Business Start-up

**39.** कौन सी व्यावसायिक इकाई कम औद्योगिक विकास दर एवं उच्च लाभ दर के कारण पर्याप्त नकदी अधिशेष जुटाती है ?

(A) "डॉग" (B) "कैश काउ"

(C) "क्वेस्चन मार्क" (D) स्टार

**40.** किसी फर्म के व्यवसाय में उसके उत्पाद और सेवाओं एवं विपणन अंश में वृद्धि करने में कौन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?

(A) कार्य स्तरीय प्रबन्धक

(B) कॉर्पोरेट स्तरीय प्रबन्धक

(C) व्यवसाय स्तरीय प्रबन्धक

(D) उपरोक्त सभी

**41.** उद्यमिता को व्यवसाय के सिद्धान्त के रूप में किसने प्रतिपादन किया ?

(A) डाग्लस मेक ग्रेगर

(B) थामस ए. कोलमैन

(C) जॉसफ ए. शुम्पीटर

(D) एडम स्मिथ

**42.** रुग्ण इकाइयों को पुनर्जीवित करने सम्बन्धी नीतियों को बनाया जाता है

(A) आई आई एफ टी

(B) सी एस आई आर

(C) सेबी (एस ई बी आई)

(D) एम एस एम ई

**43.** 'इनोवेशन एण्ड एंट्रिप्रिन्योरशिप' नामक पुस्तक किसने लिखी है ?

(A) हैरोल्ड कून्ज़

(B) ब्लेक एवं मौटन

(C) पीटर एफ. ड्रकर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**44.** राज्य वित्तीय निगम अधिनियम उत्साहित करता है

(A) औद्योगिक सम्पदाओं की स्थापना को

(B) लघु एवं मझोले आकार के उद्योगों की स्थापना को

(C) कृषि फार्मों की स्थापना को

(D) उपरोक्त सभी

**45.** 'इक्विटी थ्योरी ऑफ मोटिवेशन' के प्रतिपादक है

(A) ब्लेक एवं मौटन

(B) स्ट्रूब एवं गारशिया

(C) स्टांसी एडम्स

(D) एल्बर्ट बंदूरा

**46.** व्यवसाय में नैतिकता से सम्बंधित कार्य कहलाता है

(A) व्यवसाय में लाभ के लिए अच्छा, बुरा अथवा दोनों

(B) धर्म से सम्बंधित नहीं है ।

(C) दायित्व को केंद्रित करने के लिए नहीं

(D) सभी प्रकार के अनुचित व्यावसायिक व्यवहारों का अन्त

**47.** नैतिकता प्रदान करती है

(A) उपभोक्ता स्वायत्तता

(B) सी एस आर

(C) न्याय

(D) उपरोक्त सभी

**48.** कम्पनी जो नैतिक मानकों को अपनाने की चाहवान है, उसका उद्देश्य होना चाहिए

(A) कर्मचारियों से अच्छे सम्बन्ध

(B) बेहतर उत्पादन पोर्ट फोलियो

(C) उत्पादन माप की मितव्ययता

(D) सार्वजनिक प्रकटन एवं प्रकाशन

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा कार्य कॉर्पोरेट अभिशासन का <u>नहीं</u> है ?

(A) शेयरधारकों के हितों की रक्षा

(B) कर्मचारियों के हितों की रक्षा

(C) लेखों में हेराफेरी

(D) सरकार को करों की अदायगी

**50.** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) को कॉर्पोरेट के समाज के साथ आर्थिक एवं सामाजिक सम्बन्धों को सुदृढ करने के लिए संगठित नेटवर्क के रूप में देखा जाता है । परन्तु ऐसे व्यवसाय के प्रकार, अधोलिखित अनुसार, प्रारम्भ में ऐसा करने में समर्थ नहीं होते ?

(A) बड़े व्यवसाय

(B) मझोले व्यवसाय

(C) लघु व्यवसाय

(D) व्यवसाय, जो अभी प्रारम्भ हुआ है

**Space For Rough Work**